**खबर संक्षेप**

### सतना जिले में अब तक 317.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 जुलाई तक 317.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 416.5 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 284.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 352.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 446 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 362.8 मि.मी., नागौद में 319.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 126.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 229.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 565.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### मैहर जिले में हुई 240.2 मिमी औसत वर्षा

**मैहर।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 जुलाई 2026 तक 240.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 170 मि.मी., मैहर में 165.1 मि.मी. एवं रामनगर में 385.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 600.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### मेरे पति ने कभी भी मेरे अधिकारों या कार्यों में हस्तक्षेप नहीं किया : गीता



**मैहर।** गत दिनों एक कार्यक्रम में सार्वजनिक मंच से की गई टिप्पणी पर अपना पक्ष रखते हुए श्रीमती गीता संतोष सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष, मैहर ने सार्वजनिक मंच से दिए गए कथन पर अपनी बात रखना आवश्यक समझती हूँ। श्रीमती गीता सोनी ने कहा है कि सबसे पहले यह उल्लेख करना चाहती हूँ कि संबंधित कार्यक्रम में मुझे,नगर पालिका अध्यक्ष होने के बावजूद,औपचारिक रूप से आमंत्रित नहीं किया गया। इसके बावजूद सार्वजनिक मंच से महिलाओं को आगे लाने की बात कहते हुए मेरे पति जो सांसद प्रतिनिधि हैं की ओर संकेत कर टिप्पणी की गई।यह टिप्पणी मुझे भी व्यक्तिगत रूप से आहत करने वाली है। मैं स्पष्ट करना चाहती हूँ कि मैं जनता द्वारा निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष हूं और अपने संवैधानिक तथा वैधानिक अधिकारों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करती हूं। मेरे पति ने कभी भी मेरे अधिकारों या कार्यों में हस्तक्षेप नहीं किया है। यदि वास्तव में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की भावना होती तो नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में मुझे कार्यक्रम में सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाता। किसी निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि को आमंत्रित न करना और फिर मंच से महिलाओं को आगे लाने की बात कहना स्वाभाविक रूप से कई प्रश्न खड़े करता है।

#### कई बार लिखित शिकायत के बावजूद मौन बैठे जिम्मेदार अधिकारी, दुर्घटना के बाद ही जागता है प्रशासन

# मझगवां क्षेत्र में जर्जर भवनों में जान जोखिम में डाल पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां मुख्यालय और आसपास के तालाब तीर क्षेत्रों में स्थित शासकीय विद्यालयों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। क्षेत्र के कई स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं,जिससे हर वक्त किसी बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों और शिक्षकों द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार लिखित में आवेदन देकर स्थिति से अवगत कराया जा चुका है,लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षा विभाग का रवैया पूरी तरह गैर-जिम्मेदाराना है। जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए,तब तक विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कुंभकर्णी नींद से जागते दिखाई नहीं देते। बच्चों की सुरक्षा को दरकिनार कर प्रशासन कागजी प्रक्रियाओं में उलझा हुआ है।



### मलगौसा प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक ने लगाई गुहार

शासकीय प्राथमिक शाला मलगौसा का विद्यालय भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। भवन की दयनीय हालत को देखते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रशासन से शीघ्र नए भवन निर्माण और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। प्रधानाध्यापक के अनुसार, विद्यालय में वर्ष 2026 में कुल 58 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सीमित स्थान और जर्जर छत के नीचे मासूम बच्चों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में शिक्षा देना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### 500 मीटर दूर से लाना पड़ता है पीने का पानी

स्कूल परिसर में पेयजल की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। बच्चों और शिक्षकों को लगभग 500 मीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। छत पर रखी पानी की टंकी तक पहुंचने का रास्ता सुरक्षित न होने के कारण उसका उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। विद्यालय भवन निर्माण के लिए 20लाख की राशि स्वीकृत हो चुकी है।स्कूल प्रबंधन समिति ने मांग की है कि यह राशि सीधे एसएमसी को हस्तांतरित की जाए। प्रधानाध्यापक का कहना है कि यदि निर्माण कार्य किसी ठेकेदार को सौंपा गया,तो कमीशनखोरी के चक्कर में गुणवत्ता प्रभावित होगी। एसएमसी के माध्यम से पारदर्शी और बेहतर निर्माण कार्य संभव हो सकेगा।

## बाज़ार क्षेत्र में घटिया रेस्टोरेशन ने बढ़ाई आफत, गड्ढे बने हादसों का सबब



**सतना।** शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में घटिया रेस्टोरेशन कार्य की पोल खुलने लगी है। मरम्मत के कुछ ही दिनों बाद सड़कों पर फिर से बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं,जिससे आम जनता और व्यापारियों का आवागमन दूभर हो गया है।पन्नी लाल चौक से पुराना पावर हाउस और पुराने नगर निगम तिराहे की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। आतिशबाजी की दुकान के सामने रेस्टोरेशन के बाद बना गहरा गड्ढा बारिश के पानी से लबालब भरा है,जो हादसों को न्योता दे रहा है। दुर्घटना से बचाव के लिए स्थानीय नागरिकों ने सांकेतिक विरोध दर्ज कराते हुए गड्ढे में लकड़ी का खंभा गाड़कर उस पर महापौर का पोस्टर चस्पा कर दिया है। सड़कों की इस बदहाली से नाराज 'चेंबर ऑफ कॉमर्स' ने बीते दिनों महापौर को ज्ञापन सौंपा था। सोमवार को पुनः स्मरण पत्र देने के बाद महापौर ने मामले को जिला प्रशासन के सुपुर्द कर दिया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच पत्राचार के इस चक्कर में आम जनता और व्यापारी खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। यदि समय रहते इन जानलेवा गड्ढों का स्थायी सुधार नहीं किया गया,तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन की इस बेरुखी से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## बरसात में बदहाल हुई पोड़ी पतौरा-धवारी सड़क

### 50 से अधिक गांवों के हजारों लोग बेहाल

**सतना।** बारिश की शुरुआत होते ही पोड़ी पतौरा-धवारी (महादेवा-गिरजापुर) मार्ग पूरी तरह बदहाल हो चुका है। गड्ढों और कीचड़ में तब्दील हो चुकी यह सड़क 50 से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों के लिए आफत बन गई है।पानी से भरे जानलेवा गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और महज 5 किलोमीटर की दूरी तय करने में वाहनों को 1 घंटे से अधिक का समय लग रहा है। यह सड़क नागौद, उचेहरा और परसमनिया पहाड़ी क्षेत्र के गांवों के लिए जीवनरेखा है। पढ़ाई,इलाज,दूध और कृषि उपज के परिवहन के लिए यही एकमात्र रास्ता है,जो अब हादसों का सबब बन चुका है।

### आश्वासनों की बलि चढ़ी सड़क

क्षेत्रीय समाजसेवी अनुपम दाहिया ने पूर्व में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण की मांग की थी। बीते वर्ष जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह 'ज्ञानू' के आश्वासन पर गड्ढों में मिट्टी-गिट्टी डाली गई थी,जो पहली ही बारिश में बह गई।



**5 किमी का सफर तय करने में लग रहा 1 घंटा; गड्ढों और कीचड़ के कारण हादसे का खतरा बढ़ा,चक्काजाम की चेतावनी**



### क्या कहते हैं प्रभावित लोग?

शिवम सिंह (तुररी): वर्षों से सड़क की स्थिति यही है। अब हमें भाषण और कोरे आश्वासन नहीं, बल्कि मजबूत और सुरक्षित सड़क चाहिए।

राजेश शुक्ला (डडिया): 50 गांवों की जीवनरेखा पूरी तरह ठप है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर चक्काजाम आंदोलन करेंगे।

सुरेश पाण्डेय (बस संचालक): गड्ढों की वजह से बसों के सस्पेंशन और टायर बार-बार खराब हो रहे हैं,जिससे भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

रोहित तिवारी 'शिंपू' (दुग्ध व्यवसायी,नंदहा): सड़क खराब होने से समय पर दूध बाजार नहीं पहुंच पाता और रास्ते में ही खराब हो जाता है।

## नाई और पंडितों के पारिश्रमिक का समय से हो भुगतानः प्रभात

**मैहर।** मां शारदा देवी जी क्षेत्र मुंडन संस्कार कच्छ में सेन समाज जनों से बैठक संवाद कथा कक्षा में आचार्य जनों से बैठक संवाद किया गया जिसमें बताया गया है कि विगत कई महीनो से आचार्य और सेन समाज दोनों के लोगों को शारदा प्रबंध समिति के द्वारा पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की रुपए 200 की रसीद काटी जाती है फिर उसे रुपए 100 आचार्य एवं सेन समाज के लोगों को दिया जाता परंतु विगत कई महीनो से वह भुगतान नहीं किया गया। जुलाई का प्रारंभिक शिक्षा सत्र है इनको भी बच्चे होते हैं घर परिवार होता है एसडीम कलेक्टर प्रशासक अध्यक्ष से मांग है कि तत्काल प्रभाव से भुगतान किया जाए और भविष्य में सुनिश्चित किया जाए की मां की 10 तारीख से पहले इनका संपूर्ण भुगतान हो।



## जनसुनवाई के बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर की गाड़ी रोकी, एसडीएम और तहसीलदार के खिलाफ की नारेबाजी



**सतना।** तहसील कार्यालय परिसर में मंगलवार को जनसुनवाई के बाद अचानक स्थिति तनावपूर्ण हो गई। स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस का वाहन घेर लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम और तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके चलते कलेक्टर का काफिला करीब 45 मिनट तक वहीं फंसा रहा।

**45 मिनट की मशक्कत के बाद निकला काफिला**

जनसुनवाई खत्म होते ही महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर की गाड़ी रोक ली। स्थिति बिगड़ती देख कलेक्टर खुद वाहन से उतरकर ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन हंगामे के कारण बात नहीं बन सकी। बाद में भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद भीड़ को हटाया,तब जाकर कलेक्टर वहां से रवाना हो सके।

**भ्रष्टाचार और राशन कालाबाजारी का आरोप**

ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में नामांतरण और सीमांकन जैसे राजस्व मामले महीनों से लंबित हैं। पात्र हितग्राहियों को राशन नहीं मिल रहा है और कालाबाजारी हावी है। ग्रामीणों की मांग थी कि सिर्फ आवेदन लेने के बजाय कलेक्टर मौके पर ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई कर समस्याओं का निस्तारण करें।

## जल भराव से पीने का पानी हो रहा है दूषितः बड़गैया

#### आमजन डायरिया सहित संक्रमित बीमारियों की चपेट में



**मैहर।** वार्ड नंबर 19 के पूर्व पार्षद कांग्रेस नेता नागेंद्रनाथ बड़गैया ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए कहा कि हमारे वार्ड में जल भराव दूषित जल भराव की बड़ी समस्या है। इसी से जल भराव वाले से क्षेत्र से पीने वाले पानी की पाइप लाइन पड़ी है जिससे जल रिसाव के कारण लोगों को डायरिया जैसे बीमारियों के चपेट में आ रहे है। श्री बड़गैया ने कहा कि मेरा स्वयं का परिवार डायरिया की चपेट में है। मोहल्ले के लोग भी डायरिया सहित अन्य संक्रमित बीमारियों की चपेट में है। उन्होंने कहा कि जल भराव की समस्या का कोई निदान नहीं है स्थानीय प्रशासन के पास,एक तरफ सीवर लाइन वाले ने मिट्टी लगा दी है दूसरी तरफ उदासीन नगरपालिका के रवैए के कारण क्षेत्र में गंदे पानी का भराव लोगों के लिए बीमारियां पैदा कर रहा है जो जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए संज्ञान लेने का विषय है। श्री बड़गैंया ने कहा कि अगर स्थानीय प्रशासन जल भराव का त्वरित स्थाई समाधान नहीं करता तो वार्डवासी नगरपालिका सहित जिम्मेवार अधिकारियों का घेराव करेंगे।

# उचेहरा कृषि उपज मंडी में तहसील भर से जुटे किसान, महिलाएं और युवा खाद, मूंग खरीदी, बिजली और राजस्व समस्याओं पर जताई नाराजगी

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में किसानों और युवाओं के मुद्दे उठे

**उचेहरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठक कृषि उपज मंडी उचेहरा में आयोजित की गई, जिसमें तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान,महिलाएं और युवा शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता रावेन्द्र सिंह ने की,जबकि बद्री सिंह मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन रामजी शुक्ला ने किया। आयोजक राम विश्वास सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने किसानों और युवाओं की विभिन्न समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि देशभर में किसान,युवा और आम नागरिक अपने अधिकारों और न्याय की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान संवाद और लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए।उन्होंने मध्यप्रदेश में खाद वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था में आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसान खाद के लिए बार-बार OTP और अलग-अलग दुकानों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने मूंग खरीदी,समर्थन मूल्य से कम कीमत पर उपज बिकने,बिजली की समस्या और नामांतरण,सीमांकन एवं नक्शा तरमीम में हो रही देरी को लेकर भी नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों,गरीबों और आम जनता की समस्याओं का समाधान जमीनी स्तर पर जाकर किया जाना चाहिए। वहीं रावेन्द्र सिंह ने कहा कि माता-पिता गरीबी और कठिन परिस्थितियों में मजदूरी कर बच्चों को पढ़ाते-लिखाते हैं।ऐसे में युवाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने पर उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। बैठक में रामजी शुक्ला,गया प्रताप सिंह,राजकली सिंह,मीराबाई चौधरी,बालेन्द्र सिंह,सुरेश कुशवाहा,मूरत लाल कुशवाह,अनिल सिंह,शीलू ताप्सी,रामखेलावन सिंह,केशव सिंह बरगाही सहित बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार शुक्ला,सुरेन्द्र सिंह,शिवकुमारी रावत,अशोक सिंह,सकील मोहम्मद,हीरालाल साकेत,नत्थू लाल रावत,भूरा कोल,सुशीला चौधरी,रामावतार सिंह, रामकली सिंह,चुनकी बाई प्रजापति और विमला विश्वकर्मा सहित अन्य किसानों ने भी सहभागिता की।



**खबर संक्षेप**

### यश गोपाल श्रीवास्तव की भजन संध्या आज



**पन्ना।** श्री श्री 1008 श्री जुगल किशोर सरकार सप्तनिधि धाम, पन्ना में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत 22 जुलाई का दिन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक आयोजन लेकर आएगा। आयोजन के अनुसार सुबह 11:00 बजे पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। इसके उपरांत शाम 5:00 बजे से 7:00 बजे तक पूज्य इन्द्रेश उपाध्याय जी के पावन आशीर्वचन का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। वहीं रात्रि 7:30 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक यश गोपाल श्रीवास्तव जी अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से भजन संध्या को संगीतमय बनाएंगे। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा, आशीर्वचन एवं भजन संध्या का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### शासकीय माध्यमिक शाला हडा में शिक्षकों ने लगाए पौधे



**पवई।** शासकीय माध्यमिक शाला हडा में आज किया गया वृक्षारोपण में शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई से जन शिक्षक चंद्रिका पांडे जनशिक्षक एवं संस्था के प्रधानाध्यापक हरी लाल अहिरवार शिक्षक अमित कुमार जैन श्रीमती अंजना सिंह बागरी शहजाद मोहम्मद शिक्षकों एवं संस्था के छात्रों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में किया गया वृक्षारोपणशासकीय माध्यमिक शाला हडा में आज किया गया वृक्षारोपण में शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई से जन शिक्षक चंद्रिका पांडे जनशिक्षक एवं संस्था के प्रधानाध्यापक हरी लाल अहिरवार शिक्षक अमित कुमार जैन श्रीमती अंजना सिंह बागरी शहजाद मोहम्मद शिक्षकों एवं संस्था के छात्रों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में किया गया वृक्षारोपण।

### 89 वर्ष की आयु में चंदा देवी बढौलिया का निधन



**पवई।** नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. जीवन बढौलिया की धर्मपत्नी चंदा देवी बढौलिया का मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों के अनुसार चंदा देवी का अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर लगभग 3:30 बजे पवई स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यावसायिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### जनसुनवाई में आए 29 आवेदन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 29 आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकृत कीं।

संतों के चरण छूने व दर्शन करने के लिये सान्वी लेंड मार्क होटल में प्रतिदिन पहुंच रहे हजारों लोग

# संतों के चरण पड़ने से धन्य हुआ सान्वी लेंड मार्क होटल

नगर इस समय धार्मिक आस्था का केन्द्र बना हुआ है जहां संतों के दर्षन व चरण छूने से लेकर भागवत कथा संतों के प्रवचन व धार्मिक भजनों का आनंद उठा रहे लोग वहीं नगर के शान्वी लेंड मार्क होटल में संतों के चरण पड़ने से जैसे कोई भी जगह पवित्र हो जाती है यहां तो संतों का प्रतिदिन आवास के रूप में पवित्र हुआ

**पन्ना।**



होटल वहीं लोगों का भारी उत्साह प्रतिदिन हजारों लोग शान्वी लेंड होटल के हॉल में दर्षन करने व उनके चरण छूने पहुंचते है यह पन्ना की धरा पवित्र नगरी जो कहीं न कहीं अपने विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते जो संभव हुआ वहीं अब हर वर्ष तीन दिन के लिये ही सही पर यह उत्सव मनाने के लिये श्रद्धेय संत गुरूवर राजेन्द्र दास जी महाराज जी ने स्वयं से दी दिषा पन्ना के लिये।

निष्चित ही धर्म की जड़ जहां सुख के आगाज को लेकर मानी जाती है धर्म की राह ही सच्चा मार्ग दिखाती है क्योंकि धर्म से ही जीवन वर्तमान से लेकर भविष्य तक संवारे जाने को लेकर माना जाता है। वहीं हमारे शास्त्रों व ग्रंथों में संतों का स्थान भगवान से भी बढकर माना जाता है भले ही संत भगवान की महिमा का गायन व आराधना को लेकर तपस्या करते है पर भवान ने भी इन्हें सदैव अपने से ऊपर मानकर सानि दिया। शायद इसीलिये कहा जाता है कि संतों के चरण पड़ने से वह जगह पवित्र हो जाती हे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह चल पड़ता है। इसी तरह हमारे नगर पन्ना की धरा तो पूर्व से ही भगवान जुगल किषोर जी की कृपा से इसे पवित्र नगरी व धार्मिक नगरी जो माना गया है वह आज बयां हो रहा है इतना ही नहीं यहां इस समय जो संभव हुआ पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से जो गुरूपूर्णिमा महोत्सव भागवत कथा का आयोजन श्री जुगल किषोर मंदिर प्रांगण में यह आयोजन जो प्रतिदिन अमृत रूपी वाणी से भागवत कथा से भक्तों के लिये गुरूवर परम श्रद्धेय संत श्री राजेन्द्र दास जी महाराज के द्वारा अपने मुखारबिन्दों से भक्तों को राह दिखाई जा रही है। वहीं जनसैलाब उमड़ता है कथा सुनने को लेकर साथ ही प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता वहीं चित्र विचित्र जैसे बंधुओं के द्वारा भजन जो गाये गये वहीं। गौरतलब बात यह है कि संतों की महिमा तो अलग ही जानी जाती है इसका उदाहरण जीता जागता नगर का सान्वी लेंड मार्क होटल जहां संतों का आवास ठहराने को लेकर निर्धारित किया गया है वहां प्रतिदिन शान्वी लेंड मार्क होटल में हॉल में हजारों लोग संतों के दर्षन व चरण छूने के लिये पहुंच रहे है धन्य हुआ पन्ना की धरा के साथ-साथ शान्वी लेंड मार्क होटल आखिर यह तभी संभव होता है तब मनुष्य रूपी आत्मा जो पुण्य आत्मा के रूप में समाज के लिये अपने दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वाहन के साथ-साथ सदैव धर्म के मार्ग के साथ अपना जीवन आगे जीने की राह तय करते है। जिसमें स्वयं का भविष्य तो सुखमय होता ही है वहीं दूसरों के लिये भी सुख प्रदान करने के लिये राह जानी जाती है ऐसी ही दास्तां पन्ना नगर में इस समय पनना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जो पूर्व मंत्री है जिनकी विकासमय साच तो जानी जाती है पर यहां तो धर्म आस्था का संगम संतों का समागम भागवत कथा का आयोजन समूचे नगर में भक्तिमय वातावरण वहीं नगर के होटल शान्वी लेंड मार्क होटल में इस समय जो संतों के चरण पड़ने से यह होटल भी सदैव के लिये पवित्रता की राह को लेकर माना जा रहा है। निष्चित ही यहां पुण्य आत्मा जो संतों के चरण पड़ने से जहां सुखमय हालात को लेकर जाना जा रहा है जिस तरह से भगवन राम जब चित्रकूट में आवास निवास बनाये हुये थे तभी वहां की प्रकृति भी आनंदित थी इसी तरह पन्ना की धरा में इस समय धर्ममय को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है।



## सिमरा खुर्द, टिकरी, बेल डावर में कई सालों से छाया अंधेरा, सैकड़ों की संख्या में कार्यपालन अभियंता को दिया आवेदन जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति की मांग की

**पवई।**

सरकार चाहे गांव गांव तक बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के लाख विकास के दावे करें,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिखती है । बिजली,पानी सड़क यह आम आदमी के जीवन का अहम हिस्सा है, लेकिन पन्ना जिले के पवई क्षेत्र में आज भी कई गांव ऐसे हैं जहां न तो बिजली है और ना ही सड़क। ऐसे ही सिमरा खुर्द, टिकरी,बेल डावर गांव है जो कई सालों से बिजली विहीन है,यहां बिजली के तार तो लगाए गए हैं पर उनमें करंट प्रवाहित नहीं होता। बिजली के न होने से बच्चे पढ़ नहीं पाते एवं बरसात के दिनों में कीड़े मकोड़े और जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है। मंगलवार शाम सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता के कार्यालय पवई पहुंचे जहां उन्होंने जल्द से जल्द विद्युत बहाल किए जाने को लेकर कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि एक महीने के अंदर विद्युत बहाल नहीं होती तो उग्र आंदोलन करेंगे। वहीं कार्यपालन अभियंता प्रभात साहू ने कहा कि स्टीमेट बना कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# ई- अटेंडेंस बनी शिक्षकों की मुसीबत, उपस्थित दर्ज करने के चक्कर में उफनते नाले को पार करने मजबूर शिक्षक

### कहीं नेटवर्क न होने से कहीं नदी नाले उफान पर होने की वजह से नहीं लगा पा रहे अटेंडेंस

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा शिक्षण कार्य में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बीते सत्र से ई-अटेंडेंस लागू की गई थी ,जिसे इस सत्र में अतिथि शिक्षकों के साथ शासकीय शिक्षकों के लिए भी अनिवार्य कर दिया गया है।साथ ही ऐसा न करने वाले वाले शिक्षकों की वेतन कटौती की बात कही गई है। ऐसे में वे क्षेत्र जो आजादी से लेकर आज भी सड़क,बिजली पानी और मोबाइल नेटवर्क की सुविधा से विहीन है, वहां पर ई अटेंडेंस पदस्थ शिक्षको के लिए जी का जंजाल बन गई है। बारिश का मौसम चल रहा है,दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में छोटे छोटे पहाड़ी नदी नाले उफान पर होते हैं,साथ ही कई स्थानों पर सड़क व नेटवर्क न होने की वजह से भी शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाते। उपस्थित दर्ज करने के चक्कर में वे कही उफनते नाले को पार करने को मजबूर है तो कहीं नेटवर्क खोजने के चक्कर में पेड़ पर चढ़ रहे हैं, इसके बावजूद उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती है। ताजा मामला पन्ना जिले के पवई विकास खंड से सामने आया है,जिसमें एक शिक्षक उपस्थिति दर्ज करने के चक्कर में उफनते हुए नाले को पार करता दिख रहा हैं,तेज वहाब की वजह से बहने लगा था जिसे ग्रामीण ने बचा लिया। वायरल वीडियो शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल पवई से लगभग 35 किलोमीटर दूर पहाड़ी दूरस्थ ग्राम कुटरहिया का बताया जा रहा है। जहां जिले सहित क्षेत्र में दो दिन से हो रही लगातार बारिश से नाला उफान पर है। मंगलवार को शिक्षक सुनंदी चौधरी जब नाला पार कर रहे थे,तो नाले में गिर कर बहने लगे थे,ग्रामीण की मदद से उन्हें बचाया गया। विलंब से विद्यालय पहुंचने के कारण ई अटेंडेंस नहीं लगी। ऐसी ही स्थिति शासकीय माध्यमिक शाला कैमुरिया की है जहां पहुंचने के लिए न तो सड़क है और न ही बेहतर नेटवर्क सुविधा जिसकी वजह से शिक्षक लोकेशन परिवर्तन कर ई अटेंडेंस लगाने को मजबूर थे, यहां पहुंचने के लिए शिक्षकों को बंधा पार करना पड़ता जो खतरे से खाली नहीं है,साथ ही बिना सड़क बाली पहाड़ी को भी चढ़ना पड़ता है,ऐसे में शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे। केवल शिक्षक ही है जो अपना काम पूरी कार्य निष्ठा और ईमानदारी से करते है,चाहे पढ़ाना हो,जनगणना हो या चुनाव संपन्न कराना या अन्य कार्य। यह व्यवस्था शिक्षा विभाग में ही क्यों,अन्य विभागों में क्यों नहीं। आखिर कब तक शिक्षक अपनी सीएल, ई एल, ओ एल का प्रयोग करेगा इसके बाद शिक्षक क्या करेगा। शहरी, नगरीय क्षेत्र में तो ठीक है,पर दूर दराज दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षक क्या करें।



**इनका कहना है-**

ई अटेंडेंस अनुपस्थित शिक्षकों की समस्याओं के लिए जिले में तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। नेटवर्क व बारिश के दिनों में आने जाने में शिक्षकों को विलंब होता है,जिसका अवलोकन व जांच करेगी,की समस्या क्या है। इसके साथ ही उन्होंने समस्त शिक्षकों से अपील की है कि बारिश के मौसम में अपनी सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखते हुए कार्य करें।

**हाकम सिंह यादव,विकासखण्डशिक्षा अधिकारी**

## 11 वर्षीय बाल लेखक आकर्षित तैलंग को कलेक्टर ने किया सम्मानित पन्ना टाइगर रिजर्व पर लिख रहे 50 हजार शब्दों की पुस्तक

**अमानगंज।** प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, यह बात 11 वर्षीय बाल वन्यजीव प्रेमी एवं लेखक आकर्षित तैलंग ने एक बार फिर साबित कर दी। रॉयल चिल्ड्रेन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अमानगंज में कक्षा 7वीं के छात्र आकर्षित ने पन्ना टाइगर रिजर्व, वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति पर गहन अध्ययन करते हुए 21 हजार शब्दों का विस्तृत शोधपरक लेख तैयार किया है। उनके इस उल्लेखनीय कार्य से प्रभावित होकर पन्ना कलेक्टर श्रीमती उषा सिंह परमार ने उन्हें सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आकर्षित तैलंग बचपन से ही वन्यजीवों और प्रकृति के प्रति विशेष रुचि रखते हैं। उन्होंने पन्ना टाइगर रिजर्व के इतिहास, बाघ संरक्षण, गिद्ध संरक्षण, केन नदी, घड़ियाल अभयारण्य, जंगल सफारी, वन्यजीवों के व्यवहार, पर्यटन स्थलों तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक विषयों पर महीनों तक अध्ययन कर यह शोधपरक लेख तैयार किया है। इससे पहले वे अपने लेख का लगभग 10 हजार शब्दों का प्रारूप पन्ना टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर को भी दिखा चुके हैं। बाल लेखक आकर्षित ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल एक लेख लिखना नहीं, बल्कि पन्ना टाइगर रिजर्व पर 50 से 60 हजार शब्दों की विस्तृत पुस्तक तैयार करना है, ताकि वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति के प्रति लोगों, विशेषकर बच्चों और युवाओं में जागरूकता बढ़ाई जा सके। कलेक्टर श्रीमती उषा सिंह परमार ने आकर्षित की लगन, शोध और लेखन क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आकर्षित का यह प्रयास अन्य बच्चों को भी अध्ययन, शोध, पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मक लेखन के लिए प्रेरित करेगा। आकर्षित तैलंग की यह उपलब्धि न केवल रॉयल चिल्ड्रेन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अमानगंज बल्कि पूरे पन्ना जिले के लिए गौरव का विषय है। कम उम्र में इतना व्यापक और शोधपरक लेखन यह सिद्ध करता है कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और सही मार्गदर्शन से बच्चे भी असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उनके इस प्रयास से निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों में भी पढ़ने, शोध करने और प्रकृति संरक्षण के प्रति नई प्रेरणा का संचार होगा।




## गौरैया-झरकुआ में एक ही रात दो घरों में चोरी नकदी व सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हुए चोर

### अमानगंज थाना में मामला दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के गौरैया मजरा झरकुआ में अज्ञात चोरों ने एक ही रात दो घरों को निशाना बनाते हुए नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गौरैया मजरा झरकुआ निवासी आनंदरानी अहिरवार (45) ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात में परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। सुबह करीब चार बजे उनकी नींद खुली तो घर के पक्के कमरे का ताला टूटा मिला। घर की तलाशी लेने पर लोहे की अलमारी खेत में पड़ी मिली और उसमें रखा सामान बिखरा हुआ था। पीड़ति के अनुसार, अलमारी से चांदी का डोरा, पायल, हाफ करधनी, हाथ की बताने, कंगन, हाथपोस, खुसमा, चुटकी, सोने की ताबीज तथा करीब 30 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। इसी रात झरकुआ निवासी इंद्रकुमारी रैकवार के सूने घर में भी अज्ञात चोर घुस गए। वहां रखे ड्रम से चांदी की चूड़ियां, पायल, बिछिया, सोने के टॉप्स तथा 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। दोनों घटनाओं में अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित करीब 45 हजार रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ति की शिकायत पर थाना अमानगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(ए) एवं 331(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।



# नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का सातवां दिवस, स्कूलों एवं महाविद्यालयों में आयोजित हुई निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताएं, ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने स्थापित किया जनजागरूकता संवाद

### पन्ना पुलिस द्वारा विद्यार्थियों में रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश, ग्रामीण अंचलों में आमजन को किया जागरूक








**पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित प्रदेशव्यापी ष्नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0ष जनजागरूकता अभियान के सातवें दिवस पन्ना जिले में पुलिस द्वारा विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिलेभर में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु रचनात्मक एवं संवादात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवनशैली, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा नशामुक्त समाज के निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण करते हुए उन्हें मादक पदार्थों के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों एवं नशे से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार एवं भविष्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन अथवा साथियों के दबाव में आकर नशे की ओर न बढ़ें तथा अपने मित्रों एवं परिवारजनों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। अभियान के अंतर्गत पन्ना पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनजागरूकता संवाद स्थापित किए गए। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीण नागरिकों से सीधा संवाद कर नशे के दुष्परिणामों, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराने के संबंध में जागरूक किया। ग्रामीणों से नशामुक्त वातावरण तैयार करने में सक्रिय सहयोग की अपील भी की गई। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों एवं आमजन को ष्ैंल छव जव क्तनहेष का संदेश देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया तथा सभी से स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। पन्ना पुलिस ने कहा कि ष्नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी जिलेभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर ष्नशा मुक्त पन्नाष के संकल्प को साकार किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## अतिथि शिक्षक को जबरन कर दिया कार्यमुक्त, कलेक्टर से हुई शिकायत

**संकुल प्राचार्य पर नियम विरुद्ध तरीके से चहेते को रखने का आरोप**

**छतरपुर।** जिला कलेक्टर कार्यालय में एक अतिथि शिक्षक द्वारा दिए गए आवेदन पत्र ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनगर ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल भैरा में वर्ग-3 पीटीआई (अतिथि शिक्षक) के पद पर पदस्थ छोटे राजा पटेल ने संकुल प्राचार्य और संबंधित अधिकारियों पर पक्षपात और नियम विरुद्ध कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से न्याय और पुनः कार्य करने की अनुमति मांगी है। अतिथि शिक्षक छोटेराजा पटेल द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार, उन्होंने सत्र 2026-27 के लिए शासकीय हाई स्कूल भैरा में 11 जुलाई 2026 को जीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन री-जॉइनिंग की थी। इसके बाद से 20 जुलाई 2026 तक उनकी ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज की जा रही थी। पीड़ित शिक्षक ने बताया कि वे विगत सत्र (2025-26) में भी इसी संस्था में कार्यरत थे और मेरिट पैनल के अनुसार जिले में 5वें स्थान तथा राजनगर ब्लॉक में प्रथम स्थान पर हैं। वे टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण हैं तथा पिछले वर्ष उनकी उपस्थिति भी 90त्न रही थी। आवेदक के अनुसार, 20 जुलाई 2026 को प्रभारी प्राचार्य (शा. ह. स्कूल भैरा) सुंदरलाल कुशवाहा एवं संकुल प्राचार्य बसारी आदित्य दुबे एवं बीईओ राजनगर के निर्देशानुसार उन्हें अचानक कार्यमुक्त कर दिया गया। शिक्षक का दावा है कि जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर के संदर्भित आदेश में पूर्व से तैनात अतिथि शिक्षकों को कार्यमुक्त करने का कोई निर्देश नहीं था, बल्कि केवल डॉक्यूमेंट चेक का उल्लेख था।
आरोप लगाया गया है कि पूरे ब्लॉक एवं जिले में योग डिप्लोमावाले अन्य अतिथि शिक्षक अभी भी कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जानबूझकर हटाया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि संकुल प्राचार्य बसारी अपने किसी नजदीकी/करीबी व्यक्ति को नियम विरुद्ध तरीके से उनकी जगह रखना चाहते हैं। पीड़ित अतिथि शिक्षक छोटे राजा पटेल ने छतरपुर कलेक्टर से मामले में हस्तक्षेप करने और उन्हें पुनः अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने की अनुमति प्रदान करने की गुहार लगाई है।

## थाना प्रभारी और एसडीओपी बने एक दिन के मास्टर, विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



**बमीठा।** मध्य प्रदेश पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, घूरा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल और बमीठा थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने एक दिन के शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों की विशेष कक्षा ली। अधिकारियों ने बच्चों से संवाद किया, उनकी नोटबुक जांची, अंक दिए और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में करीब एक हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने निबंध, चित्रकला, रंगोली, स्लोगन लेखन, शायरी तथा नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली संदेश दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहेगी तो समाज और देश का भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।बमीठा थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने विद्यार्थियों को जीवनभर नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की सहायता एवं उपचार के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर भी बच्चों को लिखवाए।

# चंदेलकालीन बगौता तालाब में बह रहा सीवर का गंदा पानी मंदिर की पवित्रता और जन स्वास्थ्य पर मंडराया संकट

**छतरपुर। ग्राम पंचायत बगौता में स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन चंदेलकालीन तालाब में शहर की नजदीकी कॉलोनियों और सीवर लाइन का गंदा पानी छोड़े जाने से भारी आक्रोश व्यापत है। तालाब के किनारे स्थित पौराणिक श्री मोहन बिहारी मंदिर एवं रामजानकी मंदिर परिसर में गंदे पानी के प्रवाह से धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में गहरी नाराजगी है।**
इस संबंध में समस्त बगौता के रहने वाले पवन राजावत, सुंदर रैकवार सहित अन्य लोगों ने छतरपुर कलेक्टर को एक आवेदन पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया है कि तालाब के किनारे स्थित मंदिर धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केंद्र हैं, जहां प्रतिवर्ष केवट समाज द्वारा गंगा जल विहार यात्रा का आयोजन भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, तालाब के किनारे निर्मित सदी पुराने मंदिरों में पूरे वर्ष विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर से सटी चौबे कॉलोनी,




सनसिटी कॉलोनी और आसपास के नवीन भवनों तथा सीवर लाइन का बदबूदार पानी जमीन काटकर इस चंदेलकालीन तालाब में मिला दिया गया है। दूषित और बदबूदार पानी गिरने के कारण तालाब में गंभीर जल प्रदूषण फैल गया है, जिससे मछलियां मर रही हैं और आसपास के रहवासियों में महामारी फैलने की आशंका बनी हुई है।
तालाब का संरक्षण पर्यावरण और कृषि की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सागर रोड और देरी रोड क्षेत्र का भू-जल स्तर इसी तालाब पर निर्भर है, साथ ही बगौता गांव का एक बड़ा कृषि क्षेत्र सिंचाई के लिए इसी पानी पर आश्रित है। यदि समय रहते गंदे पानी की निकासी को नहीं रोका गया, तो यह ऐतिहासिक चंदेलकालीन तालाब अपना अस्तित्व खो देगा। गंदे पानी और बदबू के कारण गांव की लगभग 10 से 15 हजार की आबादी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रही है।
ग्रामवासियों ने कलेक्टर से पुरजोर अपील की है कि तालाब में आ रहे सीवर और कॉलोनियों के गंदे पानी को तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा ऐतिहासिक धरोहर एवं धार्मिक स्थल को दूषित करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर युवाओं का प्रदर्शन, बारिश में भी डटे रहे



**छतरपुर।** दिल्ली में चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को छतरपुर में युवाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई के बाहर प्रदर्शन किया। तेज बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे और कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी बात रखने पर अड़े रहे। हालांकि कलेक्टर से मुलाकात नहीं हो सकी, जिसके बाद एडीएम विनय द्विवेदी प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे और उनकी मांगों को सुनकर ज्ञापन पर चर्चा की। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हर्षवर्धन शुक्ला ने कहा कि वे लगातार दूसरे दिन कलेक्टर से मिलने पहुंचे हैं, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो पा रही थी। उनका कहना था कि सोमवार को भी वे अपनी मांगों को लेकर आए थे और मंगलवार को भी कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखने के उद्देश्य से पहुंचे।
प्रदर्शनकारी मयंक शुक्ला ने कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण से जुड़े विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाएं अत्यंत दुखद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा जबरन अस्पताल ले जाया गया, जबकि जंतर-मंतर पर उनके साथी शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगे, परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किया जाए, छात्रों के साथ कथित दमनात्मक रवैया बंद हो तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें।
वरुण पांचाल ने कहा कि सोमवार को भी इन्हीं मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज की घटना के विरोध में मंगलवार को फिर से प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर से मिलने का समय मिलने की जानकारी पर सभी युवा कलेक्ट्रेट पहुंचे थे ताकि अपनी मांगें सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकें।प्रदर्शन के दौरान बारिश के बावजूद युवाओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को दोहराया। बाद में एडीएम विनय द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उनकी बात सुनने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बने लालू लालवानी



**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन के विस्तार और व्यापारी वर्ग को पार्टी से सक्रिय रूप से जोडऩे की दिशा में एक अहम फैसला लेते हुए नई नियुक्तियां की हैं। इसी क्रम में छतरपुर के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी लालचंद लालवानी (लालू) को भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं, स्थानीय व्यापारियों और समर्थकों में भारी उत्साह और खुशी की लहर देखने को मिल रही है। समर्थकों का मानना है कि लालवानी के लंबे संगठनात्मक अनुभव और व्यापारी समाज में मजबूत पकड़ से संगठन को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### संगठन और व्यापारियों के बीच मजबूत कड़ी बनेंगे लालवानी

भाजपा नेतृत्व ने लालचंद लालवानी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उम्मीद जताई है कि वे व्यापारी वर्ग की समस्याओं, नीतिगत सुझावों और जायज मांगों को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे। वे व्यापारी समुदाय और संगठन के बीच एक मजबूत सेतु (कड़ी) के रूप में कार्य करेंगे, जिससे व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

**बधाई देने वालों का लगा तांता**

लालचंद लालवानी की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय व्यापारी संघों और समाजसेवियों द्वारा उन्हें बधाई देने का तांता लगा हुआ है। कार्यकर्ताओं ने अपने शुभकामना संदेशों में कहा कि लालवानी का सशक्त नेतृत्व व्यापारी हितों की एक मजबूत आवाज बनेगा। इससे व्यापारी समाज में एक नया उत्साह का संचार होगा और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी और अधिक प्रभावी बनेगी। सभी समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने उनके सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गढ़ी मलहरा टीआई पर वसूली और अपराधियों को संरक्षण देने के आरोप



**छतरपुर।** गढ़ी मलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह के विरोध में मंगलवार को क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टीआई पर वसूली करने, अपराधियों को संरक्षण देने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं।
प्रदर्शनकारी सबसे पहले गढ़ी मलहरा स्थित अटल सभागार में एकत्रित हुए, जहां बैठक के बाद सभी लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने नगर सीएसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में टीआई रीता सिंह के कार्यकाल की निष्पक्ष जांच कराने, लगाए गए आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, ज्ञापन प्राप्त करने के बाद सीएसपी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि आवेदन में लगाए गए सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## लोकनाट्य और लोकगीत प्रतियोगिता में जीते नकद पुरस्कार




**छतरपुर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज में आयोजित युवा प्रतिभावान पुरस्कार प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हो गया है। प्रयागराज में आयोजित हुई लोकगायन और लोकनाट्य प्रतियोगिता में छतरपुर के युवा कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नकद पुरस्कार अपने नाम किए हैं। लोकगायन प्रतियोगिता में जहां छतरपुर के लोकगायक परशुराम अवस्थी ने बुंदेली लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति देकर तीसरा स्थान पाया और नकद 21 हजार रुपए का पुरस्कार जीता तो वहीं शंखनाद नाट्य मंच छतरपुर के कलाकार अनिल कुशवाहा ने लोकनाट्य में बुंदेलखंड के लोकनाट्य स्वांग का प्रभावशाली प्रदर्शन कर दूसरा स्थान हासिल करते हुए 31 हजार रुपए का पुरस्कार जीता है। यह सम्मान राशि प्रशस्ति पत्र के साथ प्रयागराज में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान की जाएगी।दोनों कलाकारों के शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी हैं।

# भोपाल-खजुराहो एवं दमोह-खजुराहो रेल लाइन में बिजावर-जटाशंकर धाम को जोडऩे की मांग

### बिजावर विधायक ने विधानसभा में पेश किया अशासकीय संकल्प

**छतरपुर।** बुंदेलखंड अंचल के सर्वांगीण विकास और धार्मिक-पर्यटन स्थलों को मुख्यधारा के रेल नेटवर्क से जोडऩे के लिए बिजावर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने मध्य प्रदेश विधानसभा में एक महत्वपूर्ण अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया है। विधानसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 117 के तहत प्रस्तुत इस संकल्प (ऑनलाइन क्रमांक 136) के माध्यम से विधायक शुक्ला ने राज्य शासन व सदन के जरिए केंद्र सरकार (रेल मंत्रालय) से पुरजोर मांग की है कि प्रस्तावित भोपाल-सागर-छतरपुर-खजुराहो एवं दमोह-हटा-खजुराहो रेल मार्ग सर्वे में ऐतिहासिक नगर बिजावर एवं सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री जटाशंकर धाम को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए तथा यहाँ रेलवे लाइन व स्टेशन की स्वीकृति प्रदान की जाए। विधान सभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा द्वारा जारी इस पत्रक के बाद अब 24 जुलाई को सदन में इस संकल्प पर चर्चा होगी। सदन से संकल्प पारित होने के उपरांत राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय को बिजावर एवं जटाशंकर धाम में नए रेल मार्ग एवं स्टेशन की स्वीकृति हेतु आधिकारिक सिफारिश भेजी जाएगी।



संकल्प पत्र में विधायक श्री शुक्ला ने उल्लेख किया है कि यह क्षेत्र वन संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यटन स्थलों और धार्मिक तीर्थों से समृद्ध होने के बावजूद विकास की दौड़ में अपेक्षाकृत पिछड़ा रहा है। अतीत में यह क्षेत्र दस्यु समस्या से भी प्रभावित रहा है। ऐसे में बिजावर जैसे प्राचीन ऐतिहासिक नगर और श्री जटाशंकर धाम को रेल लाइन से जोडना क्षेत्र के कायाकल्प के लिए अत्यंत आवश्यक है। श्री जटाशंकर धाम क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र है, जहाँ अमावस्या, पर्वों और त्योहारों पर मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। वर्तमान में सीधी रेल कनेक्टिविटी न होने से श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बिजावर/जटाशंकर धाम में रेलवे स्टेशन बनने से आम यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और सस्ता परिवहन विकल्प उपलब्ध होगा।
विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बताया कि रेल सुविधा मिलने से क्षेत्रीय कृषि उपज, स्थानीय कुटीर व लघु उद्योगों के उत्पादों की पहुंच देश के बड़े बाजारों तक आसान हो सकेगी। इसके अलावा व्यापारिक गतिविधियों के बढने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे युवाओं के अनावश्यक पलायन में कमी आएगी। श्री शुक्ला ने बताया कि धार्मिक व प्राकृतिक पर्यटन का विस्तार होने से यात्री संख्या बढ़ेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और शासन के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। अशासकीय संकल्प के अंत में विधायक श्री शुक्ला ने आग्रह किया गया है कि यह सदन सर्वसम्मति से भारत सरकार से अनुरोध करे कि प्रस्तावित रेल मार्गों के सर्वेक्षण (सर्वे) में बिजावर एवं श्री जटाशंकर धाम को शामिल करते हुए रेल मार्ग निर्माण एवं नए रेलवे स्टेशन की स्वीकृति जल्द से जल्द प्रदान की जाए।

## राजनगर परियोजना में हुआ कार्यकर्ताओं का खिलौना प्रशिक्षण कार्यक्रम

**राजनगर।** एकीकृत परियोजना राजनगर 1 में सेक्टर ललपुर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का (टीएलएम) खिलौना प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संबंध में पर्यवेक्षक शकुंतला जैन की उपस्थिति में किशवाहापुरवा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता सोनी द्वारा बताया गया कि खिलौना प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न माध्यमों से खिलौने बनाए गए जिससे आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चे खिलौनों से विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकें और बच्चे खिलौनों से जानकारी सीख सकेंगे। ग्राम खजवा की संगीता सोनी, कौशल्या पटेल, ऊमा दुबे इत्यादि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से विभिन्न खिलौने बना कर परियोजना में प्रदर्शित किया। ललपुर सेक्टर की पर्यवेक्षक शकुंतला जैन ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए बच्चों से संबंधित विभिन्न खिलौने बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी रजनी शुक्ला की निगरानी में, ललपुर सुपरवाइजर शकुंतला जैन , मिशन नींव से ओमप्रकाश शुक्ला समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

# छतरपुर की प्रतिभाशाली बेटी का कमाल: 60 दिनों के भीतर दो सरकारी नौकरियों में चयन

**छतरपुर ।** छतरपुर जिले के एक छोटे से ग्राम गंज की होनहार बेटी आरती अग्रवाल ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और असाधारण प्रतिभा के बल पर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आरती ने मध्य प्रदेश पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेणी में संपूर्ण मध्य प्रदेश स्तर पर द्वितीय रैंक हासिल की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा ग्राम गंज, उनका विद्यालय और छतरपुर जिला गौरवान्वित हुआ है।

### पिता चलाते हैं बर्तन की छोटी दुकान

ग्राम गंज के निवासी महेश कुमार अग्रवाल की सुपुत्री आरती की प्रारंभिक शिक्षा से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई गांव के ही विद्यालय में हुई है। उनके पिता गांव में एक छोटी सी बर्तन की दुकान का संचालन कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।



घर में सीमित संसाधन होने के बावजूद आरती ने कभी अपनी परिस्थितियों को आड़े नहीं आने दिया और अपनी लगन व दृढ़ संकल्प के दम पर यह मुकाम हासिल किया।
आरती की सफलता की सबसे खास बात यह रही कि मात्र 60 दिनों के भीतर उनका चयन दो अलग-अलग सरकारी नौकरियों में हुआ है। इससे पूर्व उनका चयन माध्यमिक शिक्षक पात्रता (वर्ग-3) परीक्षा में हुआ था। इसके ठीक बाद अब एमपीएसआई (स्टेनो) परीक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने पूरे मध्य प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### जिले में हर्ष का माहौल, युवाओं के लिए बनीं प्रेरणा

आरती अग्रवाल की इस स्वर्णिम उपलब्धि से पूरे अग्रवाल समाज, ग्राम गंज और छतरपुर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। शुभचिंतकों और ग्रामीणों द्वारा उनके गृह ग्राम में जश्न मनाया जा रहा है। उनकी यह अभूतपूर्व सफलता उन सभी ग्रामीण युवाओं और छात्रों के लिए एक महान प्रेरणा स्त्रोत बन गई है, जो विषम और कठिन परिस्थितियों में भी बड़े सपने देखने और उन्हें अपने पुरुषार्थ से साकार करने का साहस रखते हैं।

## एसडीएम व जनपद सीईओने किया रक्तदान, स्वैच्छिक रक्तदान के लिए किया प्रेरित

**नौगांव।** जिला कलेक्टर के निर्देशन में नौगांव के सिविल अस्पताल परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छतरपुर से पहुंची ब्लड वैन के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने स्वयं रक्तदान कर की और उपस्थित लोगों को मानवता की सेवा के इस पुनीत कार्य में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।शिविर के दौरान सीबीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल ने बताया कि जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर रक्त मिलने से कई गंभीर मरीजों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।रक्तदान अभियान में जनपद पंचायत के सीईओ प्रभात घनघोरिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पॉलिटेक्निक कॉलेज के कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया।रक्तदान के बाद एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। उन्होंने बताया कि वह लगभग 59 वर्ष की आयु में भी नियमित रूप से रक्तदान करते हैं। उन्होंने लोगों की भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि यह पूरी तरह सुरक्षित



प्रक्रिया है और इससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है।जनपद पंचायत सीईओ प्रभात घनघोरिया ने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में चल रहे इस जनहित अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने स्वयं रक्तदान किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके और अधिक से अधिक लोग इस मानवीय अभियान से जुड़ें। रक्तदान शिविर के माध्यम से अधिकारियों ने समाज को यह संदेश दिया कि स्वैच्छिक रक्तदान न केवल मानवता की सच्ची सेवा है, बल्कि किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे प्रभावी माध्यम भी है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रक्तदान के प्रति जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज नगर परिषद के एल्डरमैन बने सुलेन्द्र गुप्ता, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



मऊगंज। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुलेन्द्र गुप्ता को मऊगंज नगर परिषद का मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति का आदेश जारी होते ही मऊगंज भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मनोनयन की सूचना मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने इस निर्णय को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और लंबे समय से किए जा रहे सेवा कार्यों का परिणाम बताया। एल्डरमैन नियुक्त होने पर सुलेन्द्र गुप्ता ने पार्टी संगठन और क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्रीय विधायक, सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष तथा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के आभारी हैं, जिन्होंने उन पर विश्वास जताया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे नगर परिषद मऊगंज की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। संगठन द्वारा सौंपी गई इस नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए मऊगंज नगर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

### छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का राजभवन घेराव



रीवा। दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई कथित बर्बर कार्रवाई के विरोध में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में भोपाल स्थित राजभवन के बाहर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना-प्रदर्शन में रीवा से भी कांग्रेस नेताओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान नगर निगम रीवा के एम.आई.सी. सदस्य धनेंद्र सिंह बघेल, रवि तिवारी, पूर्व पार्षद राम प्रकाश तिवारी ₹डेडू₹ एवं अमित चतुर्वेदी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों की आवाज़ को दबाने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पार्टी विरोध करती है।

### रीवा IG को शराब माफिया का खुला चैलेंज! खबर चलने के बाद बिछिया पुलिस की 'नाटकीय कार्रवाई'

रीवा। बिछिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार को लेकर एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। क्षेत्र में खुलेआम शराब बिक्री का वीडियो वायरल होने और मामला सुर्खियों में आने के बाद पुलिस हरकत में तो आई, लेकिन कार्रवाई के समय और तरीके को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस स्थान पर लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार चल रहा था, वहां शिकायतों के बावजूद पुलिस ने समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की। जैसे ही मामला मीडिया में प्रमुखता से सामने आया, बिछिया पुलिस ने कार्रवाई का दावा कर दिया। इससे लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई कि यदि कार्रवाई पहले की जाती तो अवैध कारोबार इतना बढ़ता ही क्यों?सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बिछिया थाना क्षेत्र में शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें पुलिस कार्रवाई का कोई डर नहीं रह गया? आखिर किसके संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा था? क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि मीडिया में मामला उजागर न होता तो शायद यह कार्रवाई भी नहीं होती। ऐसे में पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या कानून केवल खबर बनने के बाद ही जागता है?अब निगाहें रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों पर हैं। जनता उम्मीद कर रही है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि आखिर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## जनसुनवाई के आवेदनों में कार्यवाही कर सात दिन में करें निराकरण - कलेक्टर

# आम जनता के 553 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

रीवा । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में आम जनता के 553 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों पर तत्परता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करके सात दिन में निराकरण करें। निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के साथ आवेदक को भी अवगत कराएं। तहसील स्तर पर भी जनसुनवाई का प्रभावी आयोजन करें। जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का तय समय सीमा पर निराकरण न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, डिप्टी कलेक्टर जितेन्द्र तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक तथा अन्य अधिकारियों ने भी आम जनता के आवेदनों में सुनवाई की। जनसुनवाई में अर्चना चतुर्वेदी निवासी सोहागी तथा रमेश कोल निवासी जोरी ने आवासीय पट्टे के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिए। अरूण प्रताप सिंह निवासी कुशवार ने उपार्जित गेंहू की राशि भुगतान के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को सात दिन में आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। सोहनलाल साकेत निवासी पपरी ने उनकी जमीन पर अवैध रूप से की जा रही फसल की बुवाई रोकने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार सेमरिया को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनिल मिश्रा निवासी बजरा ने खसरा सुधार के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। राजू सोंधिया निवासी धोपखरी ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। रामसुमन दुबे निवासी गुढ़वा ने रीवा-सीधी सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहीत मुआवजे के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने



जिला भू-अर्जन अधिकारी को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। हीरालाल मांझी निवासी कुइयां कला ने आम रास्ते से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, नामांतरण, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, नक्शा तरमीम, उप चार सहायता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, पेंशन भुगतान सहित विभिन्न आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बॉक्स *6 महीने से राशन से वंचित 700 कार्डधारक कलेक्टर ने जांच के दिए निर्देश* जिले के सिरमौर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर-540 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। गांव के करीब 700 राशन कार्डधारक परिवार पिछले छह माह से शासकीय खाद्यान्न नहीं मिलने के कारण परेशान हैं। कई बार स्थानीय प्रशासन और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद जब समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण रीवा कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान से पिछले छह महीने से नियमित खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा रहा है। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों के सामने रोजमर्रा के भोजन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन नहीं मिलने के कारण उन्हें बाजार से महंगे दामों पर खाद्यान्न खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों से शिकायत की, लेकिन किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई, फिर भी स्थिति जस की तस बनी रही। प्रशासनिक स्तर पर समाधान नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण अंततः कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की।कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गांव में लगभग 700 राशन कार्डधारक परिवार हैं, जो पिछले छह माह से शासकीय खाद्यान्न से वंचित हैं। ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा तत्काल खाद्यान्न वितरण शुरू कराने की मांग की।मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिरमौर एसडीएम और संबंधित तहसीलदार को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के दो सर्वोच्च सम्मानों से सम्मानित हुए अतुल जैन




रीवा। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट ( मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) 3233-C के ग्लोबल मेंबरशिप टीम कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन अतुल जैन को सदस्यता वृद्धि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दो सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा गया है। सत्र 2025-26 में 1150 से भी अधिक नए सदस्य जोड़ने तथा लगभग 725 नेट मेंबरशिप ग्रोथ दर्ज कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर उन्हें लायंस इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन ए.पी. सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय लीडरशिप मेडल प्रदान किया गया। यह सम्मान बिलासपुर में आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (2025-26) पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, पीएमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल (वीडीजी-2), पीएमजेएफ लायन राजेंद्र तिवारी (पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन), पीएमजेएफ लायन शैलेष अग्रवाल (पीडीजी) एवं पीएमजेएफ लायन बसंत मिश्रा (पीडीजी) द्वारा प्रदान किया गया। इसी उपलब्धि के लिए एमजेएफ लायन अतुल जैन को अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन ए.पी. सिंह ने पीस पोस्टर प्लेक भी प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान लायंस इंटरनेशनल द्वारा किसी देश के प्रधानमंत्री या राज्य के मुख्यमंत्री को लायंस इंटरनेशनल के लिए आउटस्टैंडिंग सर्विस के लिए दिया गया, यह सम्मान वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम एमजेएफ लायन पवन मलिक, पीएमजेएफ लायन राजेंद्र तिवारी, पीएमजेएफ लायन बसंत मिश्रा तथा लायन सज्जी जॉन सभी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा प्रदान किया गया।सदस्यता अभियान में ऐतिहासिक सफलता के परिणामस्वरूप डिस्ट्रिक्ट 3233-C ने सदस्यता वृद्धि के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 11वां स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके साथ ही समारोह में वर्षभर की उत्कृष्ट सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों के आधार पर विभिन्न क्लबों को सम्मानित किया गया जिसमें रीवा लायंस क्लब को अनेक श्रेणियां में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं इसी कड़ी में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन द्वारा एमजेएफ लायन संजय गुप्ता, एमजेएफ लायन सुमित गुप्ता, एमजेएफ लायन आशा तिवारी, एमजेएफ लायन डीपी सिंह परिहार, अध्यक्ष गुलशन चड्ढा, सचिव आरती गुप्ता, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गौतम को भी सम्मानित किया है।

### स्कूटी से गांजे की खेप लेकर डिलीवरी देने निकला तस्कर गिरफ्तार, 3 किलो गांजा जब्त

## पुलिस की घेराबंदी में तेंदुन तालाब के पास दबोचा गया आरोपी

रीवा। जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बैकुण्ठपुर थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। स्कूटी से गांजे की खेप लेकर डिलीवरी देने जा रहे एक तस्कर को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से तीन पैकेटों में रखा करीब तीन किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 45 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिलेभर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बैकुण्ठपुर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि



एक व्यक्ति बीड़ा शाहपुर क्षेत्र से स्कूटी में गांजे की खेप लेकर बैकुण्ठपुर की ओर आ रहा है और यहां इसकी डिलीवरी करने वाला है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर संभावित मार्गों पर सघन नाकेबंदी शुरू की। पुलिस ने तेंदुन तालाब के समीप संदिग्ध स्कूटी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया।तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से तीन अलग-अलग पैकेटों में रखा लगभग तीन किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 45 हजार रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी की पहचान अरविंद द्विवेदी निवासी सगरा मनकहरी के रूप में हुई।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पूर्व में भी गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। इसके बावजूद वह दोबारा अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में सक्रिय हो गया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी गांजा कहां से लेकर आया था और इसे किन लोगों तक पहुंचाने की तैयारी थी। साथ ही उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## रीवा में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों में बड़ा फर्जीवाड़ा, सरकारी गोदाम से 450 बंडल किताबें गायब, अनुमानित कीमत 35-36 लाख

### कलेक्टर के आदेश पर स्टॉक मिलान में हुआ खुलासा, खुले बाजार में बिकने की भी थी शिकायत, भोपाल से पहुंची जांच टीमचोरहटा थाने में FIR दर



रीवा। जिले के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरित की जाने वाली पाठ्य पुस्तकों के वितरण में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से करीब दो ट्रक के बराबर 450 बंडल किताबें गायब मिली हैं। इन किताबों की अनुमानित कीमत 35 से 36 लाख रुपए बताई जा रही है।मामले के सामने आते ही रीवा से लेकर भोपाल तक हड़कंप मच गया है। चोरहटा थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जबकि भोपाल से पहुंची टीम ने जांच शुरू कर दी है।*कैसे हुआ खुलासा*बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही शासकीय विद्यालयों में वितरित होने वाली किताबों में अनियमितता का मामला उजागर हुआ था। इसके बाद कलेक्टर *नरेंद्र सूर्यवंशी* ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किताबों के वितरण और गोदाम के स्टॉक मिलान के निर्देश दिए। स्टॉक मिलान के दौरान बड़ी संख्या में किताबें गायब मिलीं।*खुले बाजार में बेचने की भी शिकायत*सूत्रों के अनुसार, जिन किताबों को सरकारी स्कूलों तक पहुंचना था, वे कई विद्यालयों में नहीं पहुंचीं। वहीं, इन्हीं किताबों के खुले बाजार में बिकने की शिकायतें भी सामने आई थीं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गोदाम में कुछ ऐसी किताबें रखी मिली हैं, जो रिकॉर्ड में पहले ही वितरित या समाप्त दर्शाई जा चुकी थीं।आशंका जताई जा रही है कि बदले हुए सिलेबस की पुस्तकों को बाद में वापस रखकर कागजी खानापूर्ति की गई हो। हालांकि, इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी।*भोपाल से पहुंची जांच टीम*मामले की गंभीरता को देखते हुए भोपाल स्तर से अधिकारियों की टीम रीवा पहुंची है। टीम गोदाम के स्टॉक, वितरण रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। जांच में और भी अनियमितताओं के सामने आने की संभावना जताई जा रही है।*पुलिस का बयान*चोरहटा थाना प्रभारी *निरीक्षक पवन शुक्ला* ने बताया कि पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से 450 बंडल किताबें गायब मिली हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 35 से 36 लाख रुपए है। इस संबंध में चोरहटा थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की विवेचना की जा रही है। जांच के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## किताब घोटाले की जांच शुरू होते ही गोदाम में लगी आग, लाखों की पाठ्य-पुस्तकें जलकर राख

### 450 बंडल सरकारी किताबें गायब होने के मामले में भोपाल की जांच टीम के रीवा पहुंचने के कुछ घंटे बाद अग्निकांड

रीवा। मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के रीवा स्थित केंद्रीय गोदाम में सोमवार देर रात लगी भीषण आग ने पहले से सुर्खियों में चल रहे सरकारी किताब घोटाले को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। जिस गोदाम से कुछ दिन पहले करीब दो ट्रक के बराबर 450 बंडल सरकारी पाठ्य-पुस्तकें गायब होने का मामला सामने आया था, उसी परिसर में भोपाल से पहुंची जांच टीम द्वारा पड़ताल शुरू किए जाने के कुछ ही घंटों बाद आग लगने की घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल प्रशासन इसे प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट का मामला मान रहा है, लेकिन आग की टाइमिंग और परिस्थितियों को देखते हुए यह चर्चा भी तेज है कि आखिर यह महज एक हादसा था या फिर किसी अहम साक्ष्य को नष्ट करने की कोशिश। घटना सोमवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने गोदाम के शटर से धुआं और आग की लपटें निकलती देख तत्काल फायर ब्रिगेड और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बंद गोदाम का शटर खोलकर आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक लाखों रुपये मूल्य की पाठ्य-पुस्तकें जलकर राख हो चुकी थीं।नप्रारंभिक



जानकारी के अनुसार आग में लगभग 25 बंडल किताबें पूरी तरह नष्ट हो गईं, जबकि करीब 25 बंडल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा आग की गर्मी और धुएं के कारण बड़ी संख्या में अन्य किताबों को भी नुकसान पहुंचा है। नुकसान का वास्तविक आंकलन स्टॉक सत्यापन और विस्तृत जांच के बाद ही सामने आ सकेगा।बॉक्स*दो ट्रक किताबें गायब होने से शुरू हुआ था पूरा मामला*गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पाठ्य पुस्तक निगम के इसी गोदाम से करीब 450 बंडल सरकारी किताबें गायब होने का मामला सामने आया था। इन किताबों की अनुमानित कीमत करीब 36 लाख रुपये बताई गई थी। यह किताबें दो ट्रकों में आसानी से ले जाई जा सकती थीं। मामला सामने आने के बाद चोरहटा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच के बाद भोपाल मुख्यालय ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच दल गठित किया। सोमवार को भोपाल से अधिकारियों की टीम रीवा पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की गई।

## कलेक्टर ने 79 आवेदनों पर की जनसुनवाई, विभागीय अधिकारियों को दिए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

मऊगंज। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनसुनवाई में 79 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई से भी अवगत कराया जाए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें घुरेहटा निवासी अनिल तिवारी ने अतिक्रमण हटने के बाद भी बंद विद्युत कनेक्शन का बिल जारी होने की शिकायत करते हुए कनेक्शन समाप्त कर बकाया बिल माफ किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया कलेक्टर ने सहायक यंत्री विद्युत विभाग को मौके पर जाकर उचित मदद करने के निर्देश दिए। ग्राम डिहिया पड़ान निवासी सत्यनारायण साकेत ने शासकीय भूमि पर जबरन रास्ता एवं मिट्टी डलवाने तथा विवाद उत्पन्न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम दादर पश्चिमी निवासी शिवशंकर साकेत ने ग्राम में स्वीकृत विद्युत ट्रांसफार्मर तीन माह बाद भी स्थापित नहीं किए जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या से अवगत कराया। वहीं ग्राम पंचायत रकरी निवासी राजकुमार साकेत ने प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितता, मजदूरी राशि एवं शासकीय धनराशि



के दुरुपयोग शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर जैन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम बड़ैया लोढ़ के ग्रामीणों ने श्मशान एवं सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाकर आवागमन बहाल कराने का आवेदन प्रस्तुत किया। नगर परिषद मऊगंज के वार्ड क्रमांक-8 सुंदरपुरवा के प्रभावित रहवासियों ने वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज को पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अन्य आवेदकों ने भी राजस्व, विद्युत, पंचायत, नगर परिषद एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं जनसुनवाई में रखीं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों में शीघ्र जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने, सार्वजनिक मार्गों से अतिक्रमण हटाने तथा नगर परिषद एवं अन्य जल भराव वाले क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों को समय-सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पीके पांडेय, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता,एसडीएम मऊगंज एपी द्विवेदी, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।